आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी गयी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि उप चुनाव में तेरह नवम्बर को मतदान कराया जायेगा। मतगणना तेइस नवम्बर को होगी। दस सीटों पर होने वाले इस उप चुनाव में अब तक सपा छः और बसपा पांच सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुकी है। भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किया है। प्रदेश की फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, कटेहरी, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होना है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अभी चुनाव की घोषणा नहीं हो सकी है।

****

हिंसा प्रभावित बहराइच जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासनिक टीमों ने हिंसा में शामिल लोगों को हिरासत में लेने के लिये तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये चार आईपीएस अधिकारी, दो एएसपी और चार डिप्टी एसपी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा स्थिति पर काबू रखने के लिये बारह कम्पनी पीएसी, दो कम्पनी सीआरपीएफ और एक कम्पनी आरएफओ तैनात किया गया है। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने बताया है कि घटना में शामिल दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें चार–चार नामजद हैं। अज्ञात उपद्रवियों के बारे में जनकारी जुटाई जा रही है। डीजीपी ने स्थानीय निवासियों से अफवाहों और गलत सूचनाओं को लेकर सतर्क रहने का आग्रह किया है। उधर, बहराइच में हुयी हिंसा में जान गंवाने वाले युवक के परिवार वालों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को दस लाख रूपये, मुख्यमंत्री आवास, अन्त्योदय कार्ड और मृतक की पत्नी को उसकी योग्यता के अनुसार नौकरी देने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

****

कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आज भदोही में चार दिवसीय कालीन मेले की शुरूआत की गयी। मेले का उद्घाटन केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय वर्ष दो हजार तीस तक छः करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की कार्ययोजना के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में यह उद्योग एक सौ सत्तर मिलियन डॉलर का है जिसे दो हजार तीस तक तीन सौ बिलियन डॉलर तक लाने का लक्ष्य है। कपड़ा मंत्री ने कालीन निर्यातकों से अपील की कि वह कालीन उद्योग को सोलह हजार करोड़ से बढ़ाकर पचास हजार करोड़ रूपये तक पहुंचाने के लिये कार्य करें। उन्होंने इस कार्य में तकनीक का सहयोग लेने का सुझाव देते हुए कालीन निर्यातकों को यह आश्वस्त किया कि राज्य और केन्द्र दोनों सरकारें इसके लिये उनके साथ खड़ी हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय कपड़ा एवं विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेटा और प्रदेश के उद्योग मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। चार दिवसीय मेले में सड़सठ देशों के पांच सौ से ज्यादा आयातक प्रतिनिधि और दो सौ साठ निर्यातक देश के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

****

एयर इण्डिया की एक एयरक्रॉफ्ट में बम होने की सूचना के बाद उसे अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैण्ड कराया गया और विमान में बैठे एक सौ उन्तालीस यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह एयरक्रॉफ्ट जयपुर से अयोध्या आ रहा था। यात्रियों को उतारने के बाद सूचना की सत्यता की गहन जांच की जा रही है।

****

गोरखपुर जिले की उन्तालीस चिकित्सा इकाइयों को बीस लाख पैंतीस हजार रूपये के कायाकल्प पुरस्कार के लिये चुना गया है। इनमें चयनित होने वाले चिकित्सा इकाइयों में छः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोलह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सत्रह आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहले प्रयास में ही जिले में पहले स्थान पर रहा है। इलाहीबाग शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ने तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है जबकि शाहपुर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को चौथी बार पुरस्कार जीतने में सफलता मिली है।

****

मिशन शक्ति अभियान के तहत आज अमरोहा में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी थानों पर चौपाल और पुलिस की पाठशाला लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा और स्वावलम्बन के लिये जागरूक किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गयी। साथ ही साइबर फ्रॉड से सुरक्षा के टिप्स भी दिये गये।

****

चन्दौली जिले में आज चार दिवसीय नेशनल गर्ल्स हैण्डबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर की तेइस टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। इसके अलावा छः अन्तर्राष्ट्रीय टीमें भी प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन आधा दर्जन से अधिक मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

****